# योगात्मक आकलन I 2025-26
# हिंदी

**कक्षा 7** **समय 2:15 घंटे**

---

**सामान्य निर्देश**

- ❖ **पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ टाइम है। यह प्रश्न पत्र वाचन के लिए है।**
- ❖ **कुल 6 प्रश्न हैं। सभी के उत्तर लिखने हैं।**
- ❖ **दो प्रश्नों में विकल्प हैं।**

---

**(1) सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> बरसात के समय पानी का संचयन करना है। इससे भूजल भंडार भी सुरक्षित रहेगा। तब हमें जरूरत के समय पानी की कोई कमी नहीं आएगी। यदि हमने जल-चक्र का ठीक उपयोग नहीं किया तो हम पानी के चक्कर में फँसते चले जाएँगे।

क) पानी की कमी से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए?

अ) केवल बरसात का इंतज़ार करना चाहिए। आ) भूजल भंडार को सुरक्षित रखना चाहिए।

इ) पानी को बहा देना चाहिए। ई) पानी के लिए दूसरों पर निर्भर रहना चाहिए।

ख) जल-चक्र का ठीक उपयोग नहीं करने पर क्या होगा?

अ) पानी को सुरक्षित रख पाएँगे । आ) पानी के चक्कर में फँसते चले जाएँगे।

इ) सुख समृद्धि से हम जी पाएँगे। ई) भूजल भंडार को सुरक्षित रख पाएँगे।

ग) खंड के अनुसार, बरसात होने पर हमें क्या करना चाहिए?

अ) बरसात में पानी को बहा देना चाहिए। आ) बरसात को अनदेखा करना चाहिए।

इ) बरसात के पानी का संचयन करना चाहिए। ई) केवल बरसात की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

घ) जल संरक्षण विषय पर एक **संकेत पट** तैयार करें।

© State Assessment Cell - SCERT Kerala

**(2) सूचना: कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

माँ

माँ तुम कितनी भोली-भाली
कितनी प्यारी-प्यारी हो
दिल से सच्ची मिसरी जैसी
सारे जग से न्यारी हो।

(मिसरी-കൽക്കണ്ടം, न्यारी - സമാനതകളില്ലാത്ത)

क) "सारे जग से न्यारी हो" का क्या अर्थ है?

अ) माँ दुनिया में सबसे बुरी हैं। आ) माँ दुनिया में सबसे साधारण हैं।

इ) माँ दुनिया में सबसे अलग और अनोखी हैं। ई) माँ दुनिया में किसीसे प्यार नहीं करतीं।

ख) कविता का आशय लिखें।

**(3) सूचना: 'साफ़ सफ़ाई में अव्वल गाँव' लेख का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

इस छोटे से गाँव में प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित है। पूरे गाँव में जगह-जगह बाँस से बने हुए डस्टबिन लगाए गए हैं। महिला, पुरुष और बच्चों समेत किसी भी गाँव वाले को अगर कहीं गंदगी नज़र आती तो वे फौरन सफ़ाई में लग जाते हैं।

खंड के आधार पर मावलिन्नोंग गाँव में कौन-कौन सफ़ाई में लग जाते हैं-

अ) महिला आ) पुरुष इ) कर्मचारी ई) बच्चे

क) इनमें कौन-सा विकल्प सही है ?

i) अ,आ और इ ii) आ, इ और ई

iii) केवल इ iv) अ,आ और ई

ख) प्लास्टिक पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ानेवाली चीज़ है। यह संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

© State Assessment Cell - SCERT Kerala

**(4) सूचना: खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> सरोजिनी नायडू, 'भारत कोकिला' के नाम से प्रसिद्ध, महान कवयित्री और स्वतंत्रता सेनानी थीं। उनका जन्म 13 फरवरी, 1879 में हैदराबाद में हुआ था। उन्होंने अपनी कविताओं में भारतीय जीवन और संस्कृति को दर्शाया। उनकी प्रमुख रचना 'द ब्रोकन विंग' है। उनकी मृत्यु 1949 में हुआ।

क) खंड के आधार पर प्रोफ़ाइल तैयार करें।

**सरोजिनी नायडू**

| | |
|---|---|
| **जन्म** | : |
| **जन्म स्थान** | : |
| **कार्यक्षेत्र** | : |
| **प्रमुख रचना** | : |
| **मृत्यु** | : |

**(5 A) सूचना : 'यह धरती है उस किसान की' कविता की ये पंक्तियाँ पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

> नए वर्ष में नई फ़सल के
> ढेर अन्न का लग जाता है।
> यह धरती है उस किसान की।
> नहीं राव की, नहीं रंक की,
> नहीं किसीकी, नहीं किसीकी
> धरती है केवल किसान की।

क) अन्न का ढेर कब लग जाता है?

ख) कवितांश के आधार पर दो सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) यह धरती किसान की है।
आ) यह धरती किसान की नहीं है।
इ) यह धरती केवल राव की है।
ई) यह धरती केवल रंक की नहीं है।

ग) 'यह धरती उस किसान की है, और किसीकी नहीं है' यह आशय वाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

© State Assessment Cell - SCERT Kerala

**अथवा**

**(5 B) सूचना : 'यह धरती है उस किसान की' कविता का यह अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

देख रहा है मिट्टी में सोने का सपना,
मिट्टी की महिमा गाता है,
मिट्टी के ही अंतस्तल में,
अपने तन की खाद मिलाकर,
मिट्टी को जीवित रखता है;
खुद जीता है।
यह धरती है उस किसान की।

क) कवितांश में 'स्वप्न' के लिए प्रयुक्त शब्द कौन-सा है?

अ) महिमा आ) धरती

इ) सपना ई) मिट्टी

ख) कवितांश के आधार पर दो सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

अ) यह धरती किसान की है। आ) यह धरती किसान की नहीं है।

इ) किसान मिट्टी की निंदा करता है। ई) किसान मिट्टी की महिमा गाता है।

ग) मिट्टी में ही सुख-समृद्धि का सपना देखते हैं। वे अपनी मिट्टी की महिमा और महत्व को समझते हैं।

यह आशय वाली दो पंक्तियाँ चुनकर लिखें।

**(6 A) सूचना: पोस्टर पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

सफाई कार्यक्रम

**स्थान : पंचायत बाज़ार**

**उद्घाटन : माननीय पंचायत अध्यक्ष**

**तारीख : 15/08/2025**

**सहयोग : पंचायत,एस पी सी**

*सुरीली हिंदी सभा के नेतृत्व में*

***जी यू पी एस पालक्काड़***

यह पोस्टर स्कूल सुरीली सभा के द्वारा तैयार किया गया है।

क) सुरीली हिंदी सभा के नेतृत्व में सफ़ाई कार्यक्रम कहाँ हुआ?

ख) पोस्टर के आधार पर **रपट** तैयार करें।

© State Assessment Cell - SCERT Kerala

**अथवा**

**(6 B) सूचना: सुरीली सभा के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर चलाई गई चित्र प्रदर्शनी की सूचनाएँ पढ़ें।**

चित्र प्रदर्शनी

**जी यू पी एस पालक्काड़ स्कूल सभागृह**

**एस पी सी, लिटिल काईट्स के सहयोग से**

**15/08/2025**

**उद्घाटन -प्रधानाध्यापक**

**स्वतंत्रता सेनानियों के परिश्रम की देन है-आज़ादी**

क) आज़ादी किसकी देन है?

ख) सूचनाओं के आधार पर **रपट** तैयार करें।

© State Assessment Cell - SCERT Kerala